मिजो पहाड़ियों को संघ राज्यक्षेत्र का दर्जा देना

1700. श्री ... :
श्री हाराज सिंह भारती :
श्री जार्ज फरनेंडीज :
श्री मोलहू प्रसाद :
श्री रवि राय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मिजो पहाड़ियों को संघ राज्यक्षेत्र का दर्जा देने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

लोक-कथाओं का संरक्षण

1701. श्री प० ला० बारूपाल : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि देश के विभिन्न भागों में हमारी प्राचीन लोक-कथाओं का जल्दी ही लोप हो रहा है, क्या उनके संरक्षण के लिये सरकार किन्हीं उपायों पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) और (ख). लोक संगीत, लोक नृत्य और और लोक नाटक के पुनरुत्थान और संरक्षण के लिए संगीत नाटक अकादमी का एक कार्यक्रम है । अकादमी द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :—

(i) इन कलाओं से सम्बन्धित टेप संगीत, फिल्म और फोटोग्राफी के रूप में बड़ी मात्रा में सामग्री एकत्र करना ;

(ii) सेमिनारों और समारोहों का आयोजन, जिनमें लोक कला के रूप सदैव एक अभिन्न अंग रहे हैं;

(iii) वित्तीय सहायता देकर इन कला रूपों से सम्बन्धित अनुसंधान—लेखों के प्रकाशन में सहायता;

(iv) अभिनय कला के क्षेत्र में लगी अन्य संस्थाओं को वित्तीय सहायता देना;

(v) चौथी पंचवर्षीय आयोजना में लोक संगीत, लोक नृत्य और लोक नाटक के विस्तृत सर्वेक्षण के लिए तथा संगीत साजों, लोक वेशभूषा और मुखौटों आदि के अपने संग्रहालय के विस्तार की भी अकादमी की एक योजना है।

ललित कला अकादेमी, साहित्य अकादेमी और आकाशवाणी के भी अपने अपने क्षेत्र में लोक संगीत और कला के संरक्षण के लिये कुछ कार्यक्रम हैं ।

शहीदों की समाधियां

1702. श्री प० ला० बारूपाल : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमर शहीद सरदार भगत सिंह तथा राजगुरु सुखदेव की समाधियां जीर्णावस्था में पड़ी हैं ; और